प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. देश–दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापट्टनम में तीन लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ किया योग, कहा– योग बना करोड़ों लोगों की जीवनशैली का हिस्सा।
2. झारखंड में भी सामूहिक योग सत्रों का आयोजन, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने तनाव से मुक्ति दिलाने में योग को बताया महत्वपूर्ण, राज्यभर में 27 आयुष केन्द्रों की स्थापना की घोषणा की।
3. राजभवन में भी आयोजित हुआ योग सत्र, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी राज्यवासियों को योग दिवस की बधाई, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देवघर में और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में किया योगाभ्यास।
4. देवघर एम्स में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा का सांसद निशिकांत दुबे ने किया शुभारंभ, गंभीर मरीजों को अत्याधुनिक जीवन रक्षक इक्विपमेंट की मिलेगी सुविधा।
5. रांची समेत पूरे राज्य में 24 जून तक छाए रहेंगे बादल, आज 9 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट, अन्य जिलों में हल्की बारिश के आसार।

****************************

दुनियाभर में आज 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापट्टनम में तीन लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ योग किया। इस मौके श्री मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। यह पॉज बटन जैसा। उन्होंने कहा कि आज योग दुनिया भर के करोड़ों लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है।

झारखंड में भी पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। राज्य का मुख्य कार्यक्रम रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में हुआ, जहां स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी समेत कई मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि योग तनाव से मुक्ति दिलाने में का एक सार्थक जरिया है। इस खास दिवस पर उन्होंने पूरे राज्य में 27 आयुष केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की।

****************************

इधर, राजभवन में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग सत्र में राजभवन के अधिकारियों और कर्मियों, आमंत्रित स्कूली बच्चों के अलावा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार है।

****************************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है–प्रकृति के साथ एकात्मता, संयम और सहजता, यही हमारी संस्कृति है और यही योग का वास्तविक स्वरूप भी है।

****************************

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देवघर में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित योगाभ्यास सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है। नियमित योग करने से हम निरोग रहते हैं और हमारी एकाग्रता कायम रहती है।

****************************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के कांके में पीएम श्री  हाई स्कूल, कुम्हरिया और ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर में सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर उन्होंने स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योग की भूमिका पर जोर देते हुए सभी को अनुशासन और ऊर्जा के लिए योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

****************************

धनबाद के कोयला नगर स्थित नेहरू काम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि योग मात्र शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि यह एक समग्र जीवन शैली है।

***************************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रामगढ़ जिले के रामगढ़ महाविद्यालय प्रांगण में आयुष विभाग के द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और एसडीओ अनुराग तिवारी सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल हुए और सामूहिक योगाभ्यास का हिस्सा बने।

***************************

देवघर एम्स में आज से 24 घंटे इमरजेंसी सेवा की शुरूआत की गयी। सांसद डा. निशिकांत दुबे ने इसका शुभारंभ किया। इस इमरजेंसी सेवा में गंभीर मरीजों को अत्याधुनिक जीवन रक्षक इक्विपमेंट से सुविधा मिलेगी। यहां 30 बेड में 20 वेंटिलेटर की सुविधा है। सभी 30 बेड में क्रिटिकल इक्विपमेंट इंस्टॉल किये गये हैं। इसमें ऑक्सीजन हर्ट मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर सहित कई उपकरण लगे हुए हैं।

***************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में बोकारो जिले में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।

***************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

***************************

मौसम विभाग ने आज भी पलामू, चतरा और दुमका समेत राज्य के नौ जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 24 जून तक राज्य में बादल छाये रहेंगे।

***************************

झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी खूंटी की टीम उपविजेता बनी। उप विजेता टीम के खूंटी आने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हॉकी खूंटी के पदाधिकारियों के अलावा कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

**********************